नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर में
71 वाँ गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्आस से सम्पन्न

जबलपुर। आज दिनांक 26 जनवरी 2020 को नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर मुख्यालय पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में माननीय डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल, कुलपति, ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर, के मुख्य आतिथ्य में 71 वाँ गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण के साथ उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ।

राष्ट्रीय पर्व 71 वें गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर माननीय डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल, कुलपति, ना.दे.प. चि.वि.वि., जबलपुर, ने अपने उद्बोधन में गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारत रत्न राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख जी एवं शहीदों के बलिदानों को स्मरण करते हुये, भावमीनी श्रृदांजलि दी। जिससे भारत वर्ष स्वतंत्र हुआ एवं फलस्वरूप सन् 1950 में गणतंत्र की स्थापना हुई। राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख जी ने अपने जीवन में ग्रामीण विकास के अंर्तगत कृषकों व पालकों के सामाजिक–आर्थिक उत्थान में जो उत्कृष्ट कार्यों एवं उल्लेखनीय भूमिका का निर्वाहन किया है, उसी के परिणास्वरूप उनके नाम पर इस विश्वविद्यालय का नामकरण किया गया। हमें उनके द्वारा स्थापित जीवन मूल्यों एवं आदर्शो को आत्मसात करते हुये, विश्वविद्यालय के निरंतर चहुमुखी विकास में अपनी सक्रिय सहभागिता का निर्वाहन करना हमारा दायित्व है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, अनुसंधान, विस्तार गतिविधियाँ एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुये विस्तृत जानकारी से सभी को अवगत कराया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ, श्री शिवम पाण्डेय, बी.एफ.एस.सी. तृतीय वर्ष, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर को उत्कृष्ट कार्यो हेतु प्रमाण एवं स्मृति चिन्ह् से मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई, इसी प्रकार पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में आयोजित खेल–कूद, सांस्कृतिक एवं साहित्ययिक प्रतियोगिताओं के परिणामस्वरूप प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह तथा शील्ड्स प्रदान की गई। माननीय डॉ प्रयाग दत्त जुयाल, कुलपति, नानाजी देशमुख पशचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर ने 71 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी विश्वविद्यालय परिवार को अपनी हार्दिक शुभकामनायें प्रेषित की है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार के प्रशासनिक अधिकारियों, अधिष्ठातागणों, संचालकों, प्राध्यापकों, छात्र–छात्राओं एवं कर्मचारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। 71 वें गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनिल कुमार गौर, डॉ. आदित्य मिश्रा व डॉ. जॉयशी जोगी एवं आभार प्रदर्शन डॉ. राजेश कुमार शर्मा, अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर व श्री संतोष शर्मा द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर (म.प्र.)